# आकाशवाणी शिमला

## 04.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जल्द लाई जाएगी नई उद्योग नीति।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन को लेकर जनता को गुमराह करने का लगाया आरोप।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों से भारत का बैंकिंग सैक्टर हुआ सुदृढ़।
- प्रदेश में शीतलहर जारी– मैदानी इलाकों में 7 जनवरी तक घने कोहरे का अलर्ट।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में नई उद्योग नीति जल्द लाई जाएगी और पहले से स्थपित उद्योगों को सशक्त बनाया जाएगा। शिमला में चल रहे एम.एस.एम.ई. फेस्ट के तहत पीटरहॉफ में देश–विदेश के उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार निवेश अनुकूल परितंत्र विकसित करने के लिए निरंतर नई पहलें कर रही है ताकि प्रदेश निवेशकों के लिए एक भरोसेमंद और आकर्षक स्थल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पैट्रो फ्यूल इंधन से चलित 22 हज़ार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक व्हीकल में बदला जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के साथ उद्यमियों ने 10 हज़ार करोड़ रूपए की लागत के उद्यम स्थापित करने के लिए 37 ज्ञापन हस्ताक्षरित किए। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए उदार नीतियां तैयार की जा रही हैं ताकि राज्य में रोज़गार के अवसर सृजित हो सकें।

## एमएसएमई फेस्ट

इस बीच, एम.एस.एम.ई. फेस्ट के दूसरे दिन आज महिला उद्यमियों के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने ई–कॉमर्स कंपनियों के साथ बातचीत के दौरान स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग व बिक्री को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने और घाटे में चल रहे उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ताकि हर वर्ग को आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा नीति में बहुत बड़े बदलाव लाने जा रही है। इसी प्रक्रिया में सी.बी.एस.ई. के अधीन लाए जा रहे सरकारी स्कूलों के लिए अंग्रेज़ी और गणित विषय के स्पेशल इंस्ट्रक्टर नियुक्त किए जाएंगे जिनकी भर्ती जल्द शुरू होगी। हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के अमलेहड़ में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश का एक समान विकास सुनिश्चित कर रही है।

किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस विधि से उगाई गई फसलों की उच्च मूल्य पर खरीद सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि नादौन विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर सौ करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सरकार करूणामूलक आधार पर रोज़गार देने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में जलशक्ति विभाग में करूणामूलक आधार पर 4 सौ 19 नियुक्तियां दी गई हैं। उन्होंने आज शिमला में बताया कि राज्य की सेवा करने वालों के आश्रितों को सम्मानजनक आजीविका के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने करूणामूलक नियुक्तियों के मामलों को लंबित रखा जबकि वर्तमान सरकार ने इनके वर्षों के इंतज़ार को समाप्त कर रोज़गार प्रदान किया है।

**शोक–आश्वासन**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय की एक छात्रा की दुखद मौत पर शोक जताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मामले में एक एसोसिएट प्रोफैसर और तीन छात्राओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जा चुकी है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन को लेकर कांग्रेस पर जनता को जानबूझ कर गुमराह करने का आरोप लगाया है। मण्डी में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नया रोज़गार मिशन मनरेगा का समाप्तिकरण नहीं बल्कि उसका अधिक प्रभावी और आधुनिक स्वरूप है जिससे रोज़गार के साथ–साथ स्थायी आजीविका के अवसर सृजित होंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये मिशन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस केवल नकारात्मक राजनीति कर रही है जबकि केन्द्र सरकार गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग के सशिक्तकरण के लिए दीर्घकालिक समाधान पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नए मिशन में भुगतान व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी बनाया गया है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों से भारत का बैंकिंग सैक्टर सुदृढ़ हुआ है। एक बयान में उन्होंने कहा कि बैंकों की बैलेंस शीट में बड़े सुधार हुए हैं और बैड लोन दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है जो देश की मज़बूत होती अर्थव्यवस्था का संकेत है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये केन्द्र की प्रभावी आर्थिक नीतियों का ही परिणाम है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले अढ़ाई से तीन वर्षों के दौरान भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़ कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

**मौसम**

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते दिनों हुए हल्के हिमपात के बाद राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान भी ऊंची चोटियों पर हिमपात दर्ज हुआ है। राज्य में इन दिनों लोगों को सुबह–शाम ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है, हालांकि दिन के समय धूप खिलने से ठण्ड से कुछ राहत मिल रही है। मौसम विभाग ने 7 जनवरी तक ऊना, बिलासपुर हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर ज़िलों में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। अन्य स्थानों पर मौसम के साफ रहने की संभावना है।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने बी.पी.एल. सूची से पात्र परिवारों के नाम काटे जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि बी.पी.एल. सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया साफ तौर पर गरीबों को सरकारी योजनाओं से बाहर करने का सुनियोजित और संगठित षड्यंत्र है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि प्रदेश में मनरेगा जैसे रोज़गार कार्यक्रम भी ठप्प पड़े हैं जिससे लोगों को आजीविका के साधन नहीं मिल पा रहे हैं।

**चुनाव आयोग–ऐप**

चुनाव आयोग ने ई.सी.आई–नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर लोग अपने जवाब 10 जनवरी तक दे सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच बनाया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जल्द लाई जाएगी नई उद्योग नीति।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन को लेकर जनता को गुमराह करने का लगाया आरोप।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा– मोदी सरकार की प्रभावी नीतियों से भारत का बैंकिंग सैक्टर हुआ सुदृढ़।
- प्रदेश में शीतलहर जारी– मैदानी इलाकों में 7 जनवरी तक घने कोहरे का अलर्ट।